बदहाली | सिविक सेंटर स्थित निजी मेडिकल स्टोर के सामने टूटी नाली

गंदगी से फैला संक्रमण का खतरा

नवभारत , जबलपुर । जबलपुर के सिविक सेंटर स्थित निजी मेडिकल स्टोर के सामने खुले नाले की बदहाल स्थिति लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। नाले की स्लैब कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जबकि नाले में प्लास्टिक, पॉलीथिन और अन्य कचरा जमा होने से जल निकासी प्रभावित हो रही है। शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र में ऐसी स्थिति स्वच्छता पर सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर नगर निगम में कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। हर बार केवल अस्थायी सफाई कर दी जाती है, जिसके कुछ ही दिनों बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है।

गंदगी और टूटे स्लैब से बढ़ी चिंता

मेडिकल स्टोर होने के कारण यहां मरीज, बुजुर्ग और महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। टूटी हुई स्लैब के कारण लोगों को संभलकर निकलना पड़ता है । दुकानदारों का कहना है कि नाले से उठने वाली दुर्गंध ग्राहकों के लिए असुविधा का कारण बनती है । बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर होने की आशंका रहती है, क्योंकि पानी सड़क तक फैल सकता है।

इनका कहना है

इस नाली की समस्या नई नहीं है। कई बार नगर निगम में शिकायत की गई, लेकिन हर बार सिर्फ अस्थायी सफाई या मरम्मत करके मामला खत्म कर दिया जाता है। कुछ दिनों बाद फिर नाली जाम हो जाती है, गंदा पानी भर जाता है और स्लैब टूटने से लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। बदबू और गंदगी के कारण ग्राहकों पर भी असर पड़ता है।

अंकित साहू

निजी मेडिकोज , शॉपकीपर यह सड़क बाजार क्षेत्र में है, जहां पूरे दिन लोगों की आवाजाही रहती है। टूटी हुई नाली और खुले पड़े स्लैब के कारण हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है। कई बार नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन हर बार सिर्फ औपचारिक कार्रवाई होती है। कुछ दिनों बाद फिर वही स्थिति बन जाती है।

इन्दर कुमार

विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया सम्मानित

जबलपुर, नवभारत। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हायरसेकेंडरी स्कूल नंबर 1 का विस्तृत एवं सूक्ष्म निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियोंका अवलोकन किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लेना औरबच्चों को मिल रही शैक्षणिक सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करना था निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने स्कूलके विभिन्न क्लासरूम, प्रयोगशालाओं और परिसर का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों के शैक्षणिकविकास एजूकेशनल डेवलप्मेंट पर विशेष जोर देते हुए स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने कहा कि बच्चों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीणविकास हो सके निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने खेल, शिक्षा एवं विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्टप्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

स्वच्छता अभियान के तहत 1370 यात्रियों पर कार्रवाई

▸ रेलवे को मिला 2 .74 लाख रुपये राजस्व

जबलपुर, नवभारत। स्वच्छ भारत मिशन और भारतीय रेल की स्वच्छता नीति के तहत जबलपुर रेल मंडल द्वारा रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों और रेल परिसरों में विशेष स्वच्छता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (1 अप्रैल से 30 जून) के दौरान स्वच्छता नियमों का उल्लंघन कर रेलवे परिसर, प्लेटफॉर्म, ट्रैक और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले 1370 यात्रियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से रेलवे को 2 लाख 74 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।रेल प्रशासन यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए समय-समय पर उद्घोषणाएं, पोस्टर, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड और जन-जागरूकता अभियान संचालित करता है। इसके बावजूद कुछ यात्री सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंककर रेलवे परिसर की स्वच्छता को प्रभावित करते हैं। ऐसे मामलों में रेलवे प्रशासन द्वारा नियमानुसार

जुर्माना और अन्य आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

जारी रहेगी कार्रवाई

मंडल रेल प्रशासन ने यात्रियों से रेलवे परिसरों और ट्रेनों में स्वच्छता बनाए रखने तथा कचरा निर्धारित डस्टबिन में ही डालने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि स्वच्छ रेलवे परिसर यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव देने के साथ-साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। जबलपुर रेल मंडल ने स्पष्ट किया है कि स्वच्छ, सुरक्षित और यात्री-अनुकूल रेल वातावरण बनाए रखने के लिए भविष्य में भी स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित जांच और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

आरपीएससी अध्यापक परीक्षा के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

जबलपुर । आरपीएससी की वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2026 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेलवे नें 18 जुलाई तक प्रतिदिन दो जोड़ी (चार) अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। इसके तहत गाड़ी संख्या 09803/09804 अकलेरा-कोटा-अकलेरा तथा गाड़ी संख्या 09802/09801 छबड़ा गुगोर-सोगरिया-छबड़ा गुगोर के बीच विशेष रेल सेवाएं संचालित की जाएंगी। ये ट्रेनें झालावाड़, बारां और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले अभ्यर्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में मदद करेंगी। रेल प्रशासन के अनुसार, परीक्षा अवधि के दौरान इन विशेष ट्रेनों के संचालन से नियमित ट्रेनों पर भीड़ का दबाव कम होगा। प्रमुख स्टेशनों पर टिकट जांच कर्मचारियों और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की गई है, ताकि यात्रा सुचारु और सुरक्षित रहे।

एक नजर में

139 गुम मोबाइल पाकर खिले चेहरे

नवभारत, जबलपुर। पुलिस ने गुम हुए 139 मोबाईलों को सफलतापूर्वक ट्रेस कर उन्हें ढूंढ निकाला। सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में गुमे हुए फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये है धारकों को वापिस किए गए। जिन्हें पाकर उनके चेहरे खुशी से खिल उठे । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने नागरिकों से अपील की है कि यदि आपका मोबाइल फोन गुम हो गया है, तो उसकी शिकायत संबंधित थाने में करें।

ओमती की सड़कों पर अवैध पार्किंग का कब्ज़ा

नवभारत, जबलपुर। शहर के व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र ओमती में सड़कों पर बढ़ती अवैध पार्किंग यातायात व्यवस्था के लिए बड़ी समस्या बन गई है। सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों के कारण सड़क संकरी हो जाती है, जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। व्यापारियों और राहगीरों का कहना है कि अवैध पार्किंग के कारण ग्राहकों, पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को रोज़ाना परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को भी निकलने में कठिनाई होती है। व्यस्त समय में यातायात पूरी तरह धीमा पड़ जाता है।

नियमों का हो पालन- क्षेत्रवासियों ने यातायात पुलिस और नगर निगम से नियमित अभियान चलाकर अवैध पार्किंग हटाने, नो-पार्किंग नियमों का सख्ती से पालन कराने और वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था विकसित करने की मांग की है, ताकि ओमती क्षेत्र में यातायात सुचारु बनाया जा सके।

बाइक चालक ने महिला को कुचला

जबलपुर । सिहोरा थाना अंतर्गत झिंगरई भीटा तिराहा के पास बाइक चालक ने महिला को कुचल दिया । पुलिस के मुताबिक गोलू चौधरी 25 वर्ष निवासी ग्राम धूरी थाना स्लीमनाबाद कटनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह लगभग 7 बजे मां लक्षिया बाई चौधरी एवं गांव के राजेश चौधरी, गेंदालाल चौधरी के साथ धूरी से अनिल पटेल निवासी हरसिंगी के यहां रोपा लगाने के लिये गये थे। सुबह लगभग 9-30 बजे झिंगरई भीटा तिराहा के पास रोड किनारे खड़ी मां को लमकना तरफसे आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन व्ही 6433 के चालक ने टक्कर मार दी।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर सवाल

लावारिस ठेले बने परेशानी का कारण

नवभारत, जबलपुर। शहर के व्यस्त सिविक सेंटर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है, लेकिन कई महीनों से सड़क किनारे खड़े बंद और लावारिस ठेलों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

इन ठेलों के आसपास गंदगी फैली रहती है, जिससे क्षेत्र की स्वच्छता प्रभावित हो रही है और राहगीरों के साथ-साथ व्यापारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

समाधान की मांग

व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि बंद और लावारिस ठेलों की पहचान कर उन्हें हटाया जाए, ताकि क्षेत्र साफ-सुथरा रहे, आवागमन सुगम हो और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निष्पक्ष दिखाई दे।

गंदगी का प्रमुख कारण

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि लंबे समय से उपयोग में नहीं आ रहे इन ठेलों के आसपास कचरा जमा हो जाता है। इससे क्षेत्र की सुंदरता प्रभावित होती है और बदबू व गंदगी के कारण ग्राहकों पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। कई ठेले लंबे समय से एक ही स्थान पर खड़े हैं, लेकिन उन्हें हटाने की कोई पहल नहीं की गई।दुकानदारों का कहना है कि नगर निगम कार्रवाई के दौरान उनकी दुकानों के बाहर रखा सामान तुरंत हटवा देता है, लेकिन सामने महीनों से खड़े इन ठेलों को न तो हटाया जाता है और न ही जब्त किया जाता है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कार्रवाई सभी के लिए समान रूप से होनी चाहिए।

कहीं भी कचरा डंप नहीं होना चाहिए : कलेक्टर

बोले- कचरे का निष्पादन केवल निर्धारित डंपिंग साइटों पर ही किया जाए

जबलपुर। ठोस अपशिष्ट पदार्थों के परिवहन में लगे वाहनों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य के लिए किसी भी पुराने वाहन का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। इसके अलावा कचरे का निष्पादन केवल निर्धारित डंपिंग साइटों पर ही किया जाए और कहीं भी कचरा डंप नहीं होना चाहिए।यह बातें कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कलेक्टर

कार्यालय में समय-सीमा प्रकरणों के निराकरण को लेकर बैठक लेने के दौरान कहीं ।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी के तहत लंबित आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली सुनिश्चित की जाये। फसलों में सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने किसानों को खाद वितरण में सुगमता सुनिश्चित करने और ई-उपार्जन प्रणाली के अंतर्गत किसानों की भूमि सत्यापन प्रक्रिया को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में शासन की स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर सिंह ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से पहुंचायें।

ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत 10 वर्षीय बालक को मिला सुरक्षित संरक्षण

जबलपुर, नवभारत। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) जबलपुर द्वारा यात्रियों और बच्चों की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' के तहत एक 10 वर्षीय नाबालिग बालक को सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया गया। आरपीएफ की टीम ने जबलपुर रेलवे स्टेशन पर गश्त के दौरान बालक को स्टेशन परिसर में भीख मांगते हुए पाया और उसे तत्काल सुरक्षित अभिरक्षा में लिया। कार्रवाई के दौरान सहायक उपनिरीक्षक धीरज कुमार एवं आरक्षक अरुण यादव ने बालक से पूछताछ की, लेकिन वह अपने परिवार और पते के संबंध में

संतोषजनक जानकारी नहीं दे सका। बालक ने स्टेशन परिसर में भीख मांगने की बात स्वीकार की। इसके बाद आरपीएफ ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया और उसे बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), जबलपुर के समक्ष प्रस्तुत किया।

आरपीएफ को सूचना दे

बाल कल्याण समिति के निर्देशानुसार नाबालिग को उसकी सुरक्षा, देखभाल और पुनर्वास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासकीय बाल गृह, गोहलपुर, जबलपुर में नियमानुसार भेज दिया गया। रेलवे सुरक्षा बल ने कहा कि रेल परिसरों में बच्चों की सुरक्षा और उनके पुनर्वास के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि यदि रेलवे स्टेशन या ट्रेन में कोई नाबालिग बच्चा असहाय, लावारिस या संकट की स्थिति में दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत रेलवे सुरक्षा बल या संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि समय रहते उसे आवश्यक सहायता और संरक्षण उपलब्ध कराया जा सके।

सड़क हादसे में ओएफके के सेवानिवृत्त श्रमिक नेता की मौत

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत शांति नगर के पास सोमवार शाम हुए सड़क हादसे में ओएफके के सेवानिवृत्त श्रमिक नेता की मौत हो गई। कर्मचारी नेता अर्नब दास ने बताया कि धन बहादुर थापा निवासी बिलपुरा दो वर्ष पूर्व आयुध निर्माणी खमरिया से सेवानिवृत्त हुए है।

सोमवार शाम को मोटर साइकिल से घर लौट रहे थे । वे जैस ही शांति नगर मोड के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार ई रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार ही कि वे उछलकर गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आ गई जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी चालक फरार हो गया।

पिकअप ने कार को मारी टक्कर, 5 घायल

पाटन पुलिस ने बताया कि दमोह निवासी इमरत लाल बसोर कार से जबलपुर आया था। पाटन बायपास चौराहे पर दो महिलाओं दीपाली जैन और सुनैदा जैन ने उनसे लिफ्ट मांगी। तीनों दमोह के लिए रवाना हो गए। चुहटा पुलिया के पास पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 65 जी ए 2933 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार चला रहे इमरत लाल के सिर, सीने व पैर में गंभीर चोटें आईं। कार में बैठीं दीपाली जैन और सुनैदा जैन भी लहूलुहान हो गईं।

यात्री का बैग खोलने की कोशिश करते संदिग्ध पकड़ा

जबलपुर। मिशन यात्री सुरक्षा के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) जबलपुर ने रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए एक व्यक्ति को यात्री का बैग खोलने का प्रयास करते हुए पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ रेल अधिनियम की धारा 147 के तहत कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, 12 जुलाई को शाम करीब 5 बजे उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार प्लेटफॉर्म क्रमांक-6 स्थित वेटिंग हॉल में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक संदिग्ध व्यक्ति को सोए हुए यात्री के बैग को खोलने का प्रयास करते देखा। तत्काल सतर्कता दिखाते हुए आरपीएफ ने उसे पकड़कर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपना नाम संजय मरकाम (38) निवासी ग्राम खीरखीरी, थाना नैनपुर मंडला बताया। जांच के दौरान वह रेल परिसर में प्रवेश और वहां मौजूद रहने का कोई वैध अधिकार-पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। आरपीएफ ने आरोपी के विरुद्ध जनविश्वास अधिनियम-2026 के तहत रेल अधिनियम की धारा 147 के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की। रेलवे सुरक्षा बल ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और रेल परिसरों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, 3 स्थाई वारंट तामील

▸ चुराई हुई सैंट्रो कार एवं जूपीटर वाहन जब्त

जबलपुर। शातिर वाहन चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । साथ ही तीन स्थाई वारंट भी तामील कराये गए । पकड़े गए आरोपी के कब्जे से कार, जूपीटर जब्त की गई। पुलिस के मुताबिक संजय राहुल जैन 54 वर्ष निवासी कमानिया गेट के पास कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 12 जुलाई

रात 4-30 बजे रानीताल धोबीघाट की ओर से आगा चौक की ओर जा रहा था, उजारपुरवा मे अपनी सैंट्रो कार एमपी 15 सीए 7087 खडी कर बीयर लेने कलारी में गया था, चाबी कार में ही लगी थी। शराब दुकान से वापस आया तो देखा कि उसकी कार गायब थी। कोई अज्ञात चोर उसकी सैंट्रो कार चुरा ले गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू की। जीरो डिग्री के पास सैंट्रो कार खडी मिली जिसमें समीर डुमार 24 वर्ष निवासी उजारपुरवा हाल निवासी चांदमारी तलैया कांचघर घमापुर बैठा मिला। पूछताछ करने पर कार चुराना स्वीकार किया । आरोपी के कब्जे से चुराई हुई सैंट्रो कार एमपी 15 सीए 7087 एवं उजारपुरवा मे छिपाकर रखा जुपीटर वाहन जप्त किया गया।

इसी प्रकार समीर डुमान के थाना लार्डगंज में 3 स्थाई वारंट लंबित होना पाये गये। उल्लेखनीय है कि पकडा गया आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके खिलाफ पूर्व से थाना लार्डगंज में 14 अपराध दर्ज है।

अव्यवस्था | सफाई के बाद भी नहीं उठा कचरा , मुख्य मार्ग पर दो-तीन दिनों से जमा

मेन रोड के किनारे लगा कचरे का अंबार

नवभारत , जबलपुर । शहर के एक व्यस्त मुख्य मार्ग रद्दी चौकी पर सड़क किनारे लंबे समय से कचरे का ढेर जमा होने से स्थानीय लोगों और आने-जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खुले में पड़े घरेलू और प्लास्टिक कचरे से न केवल बदबू फैल रही है, बल्कि आसपास का वातावरण भी अस्वच्छ होता जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां दो - तीन दिनों से कचरा जमा है। बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है, क्योंकि गीला कचरा सड़ने लगता है, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका बनी रहती है।

मुख्य मार्ग पर कचरे का ढेर

रद्दी चौकी मेन रोड जैसे व्यस्त मार्ग पर खुले में कचरा जमा होना न केवल स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि शहर की छवि को भी प्रभावित करता है। सड़क किनारे पड़ा कचरा हर आने-जाने वाले व्यक्ति का ध्यान आकर्षित करता है। घरेलू और प्लास्टिक कचरे के सड़ने से आसपास दुर्गंध फैल रही है। दुकानदारों, स्थानीय लोगों और राहगीरों को रोजाना इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

बरसात में बीमारी फैलने का खतरा

बारिश के दौरान कचरा सड़ने लगता है और उसमें पानी भर जाता है, जिससे मच्छर और अन्य कीट तेजी से पनपते हैं। इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

अमृत भारत योजना के तहत बदला जाएगा स्टेशन का स्वरूप

जबलपुर, नवभारत। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के शिवपुरी रेलवे स्टेशन का व्यापक कायाकल्प किया गया है। लगभग 22 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन का पुनर्विकास कर इसे आधुनिक, सुविधायुक्त और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक पहचान वाले शिवपुरी शहर के अनुरूप स्टेशन के नए स्वरूप में स्थानीय कला एवं संस्कृति की झलक भी देखने को मिलती है। यह स्टेशन यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के साथ-साथ पर्यटन को भी नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

पुनर्विकास कार्य के तहत स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण, प्लेटफॉर्म पर कवर ओवर शेड और शेड विस्तार,

स्टेशन भवन के अग्रभाग एवं आंतरिक हिस्सों का आधुनिकीकरण किया गया है। यात्रियों के लिए नए प्रतीक्षालय, आधुनिक शौचालय, बेहतर बुकिंग काउंटर और एक नया भव्य स्टेशन भवन तैयार किया गया है। इसके अलावा सुरक्षित एवं सुगम आवागमन के लिए नया फुट ओवर ब्रिज भी बनाया गया है, जिससे यात्रियों को पहले से अधिक सुविधा मिलेगी।

दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया जाएगा

स्टेशन को दिव्यांगजन अनुकूल बनाने के लिए रैंप, टैक्टाइल पाथ सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की गई हैं। वहीं स्टेशन परिसर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था कर सुरक्षा और सौंदर्य दोनों को बढ़ाया गया है। रेलवे प्रशासन के अनुसार, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित नया शिवपुरी रेलवे स्टेशन आधुनिक भारत की प्रगति का प्रतीक है, जो बेहतर यात्री सुविधाओं, सुरक्षित यात्रा और क्षेत्रीय विकास के साथ पर्यटन एवं आवागमन को भी नई दिशा प्रदान करेगा।